## एंडरसन ने दुनियाभर के तेज गेंदबाजों के लिए बहुत ऊंचा पैमाना तय किया



गेंद को दोनों ओर कंट्रोल के साथ स्विंग करवाते हैं जिमी

दुनिया के बेहतरीन तेज गेंदबाजों में गिने जाने वाले मैक्ग्रा ने कहा, मेरे पास वह हुनर नहीं था जो जिमी के पास है। जब वह गेंद को दोनों ओर कंट्रोल के साथ स्विंग करवाते हैं तो उनसे बेहतर कोई और नहीं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि वह क्रिकेट के मैदान पर असली महानता को देख रहे थे। उन्होंने कहा, यह झूठ होगा अगर मैं कहूं कि मुझे एंडरसन ऐसे गेंदबाज लगे थे जो इतने विकेट लेंगे।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दुनियाभर के तेज गेंदबाजों ने बहुत ऊंचा पैमाना तय कर दिया है, ठीक वैसे ही जैसे भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंडुलकर ने बल्लेबाजों के लिए किया था– यह कहना है ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा का। एंडरसन ने अपने 156वें टेस्ट मैच में खेलते हुए 600 विकेट का आंकड़ा छुआ। यहां पहुंचने वाले वह दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। साउथैम्प्टन में खेला गया सीरीज का आखिरी मैच बारिश के कारण ड्रॉ रहा और इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज 1–0 से अपने नाम की। 38 वर्षीय एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे पायदान पर हैं। मुथैया मुरलीधरन (800), शेन वॉर्न (708) और अनिल कुंबले (619) उनसे आगे हैं। मैक्ग्रा ने बीबीसी से कहा, उन्होंने वैसा ही मापदंड तय कर दिए हैं जैसे सचिन ने किए थे। गौरतलब है कि तेज गेंदबाजों में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रेकॉर्ड एंडरसन से पहले मैक्ग्रा के ही नाम दर्ज था। उन्होंने टेस्ट में 563 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट में सचिन ने जितने रन बनाए (15921) या जितने मैच खेले (200) उसे कोई नहीं तोड़ने जा रहा।

# एंडरसन ने कहा, हां 700 विकेट तक पहुंच सकता हूं

**क्रिकेट**

## मुरलीधरन, वॉर्न और अनिल कुंबले के बाद चौथे स्थान पर हैं जेम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

साउथम्पटन। जेम्स एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाला पहला तेज गेंदबाज बनने के बाद कहा कि वह 700 विकेट के क्लब में भी शामिल हो सकते हैं जहां अभी तक दो दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और शेन वॉर्न ही पहुंच पाए हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एंडरसन ने तीसरे टेस्ट मैच के दौरान पाकिस्तानी कप्तान अजहर अली को आउट करके अपना 600वां विकेट लिया। वह अब सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में मुरलीधरन (800), वॉर्न (708) और अनिल कुंबले (619) के बाद चौथे स्थान पर हैं।

मैच ड्रॉ समाप्त होने के बाद इस 38 वर्षीय गेंदबाज ने अपने इरादे स्पष्ट तौर पर जतला दिए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार एंडरसन ने कहा, 'मैंने इस बारे में जो (रूट) से बात की और उसने



कहा कि वह मुझे ऑस्ट्रेलिया में देखना चाहते हैं। मुझे ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि मैं क्यों (टीम में) नहीं हो सकता। मैं हमेशा की तरह अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मैं अपने खेल पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, ''मैं इन गर्मियों में वैसी गेंदबाजी नहीं कर पाया जैसी मैं करना चाहता था लेकिन इस टेस्ट में मैं वास्तव में ऐसा महसूस कर रहा था कि मैं इस टीम में अब भी योगदान दे सकता हूं। जब तक मैं ऐसा महसूस करता रहूंगा तो तब तक खेल में बने रहना पसंद करूंगा। मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के क्रिकेटर के रूप में मैंने अपना आखिरी टेस्ट मैच जीत लिया है। क्या मैं 700 विकेट तक पहुंच सकता हूं? क्यों नहीं?'

एंडरसन ने तीसरे टेस्ट मैच में 29वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। तेज गेंदबाजों में केवल रिचर्ड हैडली ही इस मामले में उनसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि उनके विकेटों की भूख अभी कम नहीं हुई है और यही वजह है कि वह अभी खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अभी टेस्ट चौंपियनशिप चल रही है। अभी हमें टेस्ट सीरीज में खेलना है और टेस्ट मैचों में जीत दर्ज करनी है। मैं इन सभी में दिलचस्पी रखता हूं। मुझे अब भी हर दिन अभ्यास के लिए जाना, कड़ी मेहनत करना तथा इंग्लैंड के लिए जीत दर्ज करने के लिए टीम में बने रहना पसंद है।' एंडरसन ने कहा, 'मैं केवल इसी बारे में सोचता हूं। मैं जिम में कड़ी मेहनत जारी रखूंगा और खुद को चयन के लिये उपलब्ध रखूंगा। यह फैसला चयनकर्ताओं, कोच और कप्तान को करना है कि वह टीम को कैसे आगे ले जाना चाहते हैं लेकिन जब तक वे मुझे टीम में चाहते हैं, मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा।

# बैट बनाने वाले बीमार अशरफ चाचा की मदद को आगे आए सचिन तेंडुलकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर जरूरतमंदों की मदद करने से कभी पीछे नहीं हटते। मुंबई में बैट बनाने का पुश्तैनी काम करने वाले अशरफ चौधरी उर्फ अशरफ चाचा इन दिनों अस्पताल में अपनी बीमारी का इलाज करा रहे हैं। कोविड– 19 महामारी के कारण अशरफ का बिजनस भी इन दिनों ठप्प पड़ा है और वह बीमारी के साथ–साथ आर्थिक तंगी से भी जूझ रहे हैं।

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक मैसेज वायरल हो रहा था जिसमें अशरफ के जानकार एक–दूसरे से उनकी आर्थिक मदद करने के लिए अपील कर रहे थे। बॉलिवुड स्टार सोनू सूद

- कोरोना के कारण बीते कई महीनों से ठप्प पड़ा है बिजनेस
- सोनू सूद ने भी अशरफ चाचा की मदद के लिए आगे बढ़ाया था हाथ

ने भी जब मुंबई के इस बैट बनाने वाले की जरूरत से जुड़ा यह मैसेज देखा तो वह भी मदद के लिए आगे आए और उन्होंने अशरफ का पता भी पूछा था। अब सचिन तेंडुलकर ने भी अशरफ चौधरी को आर्थिक मदद दी है और उनसे उनकी सेहत पर बातचीत भी की है।

पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अशरफ चाचा का बीते 12–14 दिनों से मुंबई के सवला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। वह डायबिटीज और निमोनिया से पीड़ित हैं। इन हालात में उनके और उनके परिवार के लिए हॉस्पिटल का बिल चुकाना मुश्किल हो रहा था।

पीटीआई की खबर के मुताबिक अशरफ के दोस्त प्रशांत जेठमलानी ने बताया, सचिन को जैसे ही पता चला उन्होंने अशरफ चाचा से बात और उनकी आर्थिक तौर पर मदद भी की है। इस महान बल्लेबाज ने इलाज के लिए अच्छा खासा अमाउंट डोनेट किया है।

बता दें अशरफ चाचा साउथ मुंबई में बरसों से अपना पुश्तैनी बैट बनाने का काम करते हैं। वह सचिन तेंडुलकर समेत वर्ल्ड क्रिकेट के कई नामी सितारों जैसे– विराट कोहली, एमएस धोनी, स्टीव स्मिथ और क्रिस गेल जैसी नामी हस्तियों के बैट रिपेयर कर चुके हैं।

## पूर्व भारतीय ऐथलीट अमेरिका में अपनी मां और पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंगलुरु। पूर्व एशियन चौंपियनशिप मेडलिस्ट इकबाल सिंह बोपराई को अमेरिका के पेंसिलवेनिया में दोहरे हत्याकांड के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। सिंह के एक करीबी दोस्त ने कहा कि उन्हें इस खबर पर यकीन ही नहीं हो रहा है। 63 वर्षीय इकबाल ने 1983 में कुवैत में हुए एशियन एथलेटिक्स चौंपियनशिप में शॉट पुट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पूर्व खिलाड़ी ने जमशेदपुर से बताया, मुझे बिलकुल यकीन नहीं हो रहा है कि इकबाल ने अपनी मां और बीवी की हत्या कर दी है। वह बहुत दोस्ताना स्वभाव के थे। मैं फिलेडेलफिया में उनके घर पर रुका हूं। उनकी पत्नी बहुत अच्छी महिला थीं। और उनकी मां की उम्र 90 से ऊपर रही होगी। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं पता कि क्या गड़बड़ हुई लेकिन बीते कुछ महीने से वह काफी ज्यादा तनाव में थे और दवाएं ले रहे थे। उनके बच्चे अच्छी तरह सेट हैं। सिर्फ इकबाल ही बता सकते हैं कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। उन्होंने खुद को भी घायल कर लिया है और अब अस्पताल में हैं।

## न्यूज डायरी



### रोहित हर खिलाड़ी से बेस्ट प्रदर्शन करवाना जानते हैं: जहीर खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज और मुंबई इंडियंस के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस जहीर खान ने रोहित शर्मा की एक बड़ी खूबी का जिक्र किया है। जहीर ने कहा है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान की सबसे बड़ी खूबी अपने हर एक खिलाड़ी से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना है। मुंबई इंडियंस आईपीएल की सबसे कामयाब फ्रैंचाइजी है। टीम ने चार बार ट्रोफी पर कब्जा किया है। रोहित चारों बार टीम के कप्तान रहे हैं। इस तरह वह आईपीएल के सबसे कामयाब कप्तान हैं। रोहित का शांत स्वभाव और दबाव में फैसला लेने की उनकी क्षमता से जहीर खान बहुत प्रभावित हैं। जब मुंबई इंडियंस के ट्विटर अकाउंट पर सवाल–जवाब में रोहित से जहीर से रोहित की सबसे अच्छी खूबी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हालांकि लिस्ट बहुत बड़ी है लेकिन मेरे लिए जो खूबी सबसे पहले आती है वह है कि वह काफी रिलैक्स नजर आते हैं।

### कोहली ने तेज गेंदबाजों में धोनी से ज्यादा भरोसा जताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली के नाम भले ही बड़ी आईसीसी ट्रोफी न हो लेकिन वह टीम के बदलाव में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। कोहली की अगुआई में भारतीय टीम में एक नई तरह की आक्रामकता देखी जा रही है। कोहली की अगुआई में भारतीय टीम ने 2018–19 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में जीत हासिल की। ऐसा करने वाले वह पहले एशियाई कप्तान बने। भारतीय टीम कोहली की ही कप्तानी में आईसीसी टेस्ट चौंपियनशिप में टेबल में सबसे ऊपर है। जानकारों की नजर में भारतीय टीम के पास इस समय सबसे मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। इसमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा,उमेश यादव और भुवनेश्वर कुमार जैसे गेंदबाज शामिल हैं। ये तेज गेंदबाज भी कहीं न कहीं अपनी कामयाबी का श्रेय कोहली को देते हैं। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत आगरकर भी इसके पीछे कोहली की कप्तानी को क्रेडिट देते हैं।

### मुजीब उर रहमान की फिरकी में फंसे वॉरियर्स, 5 विकेट से जीते तलावास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जमैका तलावास के स्टार स्पिनर मुजीब उर रहमान और फीडल एडवर्ड की घातक बोलिंग के बूते गयाना अमेजन वॉरियर्स की टीम 20 ओवर में सिर्फ 108 रन ही बना सकी। फास्ट बोलर और स्पिनर की इस जोड़ी ने आपस में 3–3 विकेट बांटे। 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेने वाले मुजीब उर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुजीब उर रहमान ने गयाना के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में बुरी तरह से उलझाए रखा और इस स्पिनर ने अपने 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। दूसरी ओर एडवर्ड ने भी 30 रन पर इतने ही बल्लेबाजों को पविलियन की राह दिखाई। गयाना की ओर से सिर्फ रॉस टेलर ही 22 की अपनी पारी में सर्वाधिक 23 रन बना सके। 109 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तलावास की टीम ने आसानी से यहां 5 विकेट से जीत दर्ज कर ली।

### 600 विकेट लेने पर युवराज सिंह ने जेम्स एंडरसन को कहा गोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को इस कारनामे के लिए दुनिया भर से बधाई मिल रही है। 143 साल के क्रिकेट इतिहास में इस मुकाम को हासिल जेम्स एंडरसन दुनिया के पहले फास्ट बोलर बने हैं। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भी उन्हें बधाई देते हुए सर्वकालिक महान खिलाड़ी बताया। इसके साथ ही युवी ने भारतीय युवा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के लिए भी टेस्ट क्रिकेट में उनका न्यूनतम टारगेट सेट कर दिया है।

युवी ने एंडरसन को बधाई देते हुए ट्वीट किया, मैंने यह कभी नहीं सोचा था कि मैं अपने जीवन में कभी किसी तेज गेंदबाज को 600 टेस्ट विकेट लेते देख पाऊंगा! सर जेम्स एंडरसन आप सर्वकालिक महान हैं।